'केलो है तो कल है' का संकल्प सिद्ध करने जिला स्तरीय अभियान का आगाज

लैलूंगा से लेकर पुसौर तक चला जन अभियान, रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में भी अभियान से जुड़े लोग, किया श्रमदान

- तमनार के कसडोल में विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार व कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने की अभियान की शुरूआत
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर शुरू हुई है केलो संरक्षण की यह वृहत पहल
- केलो के उद्गम से महानदी में विलय तक तटवर्ती 43 गांव अभियान में शामिल
- जिलेवासियों ने अभियान में लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, जनसहयोग की मिसाल बनेगा केलो संरक्षण महा अभियान
- रिज टू वैली कान्सेप्ट से होगा काम, किया जाएगा नरवा व क्षेत्र उपचार, बड़े पैमाने पर लगेंगे पेड़
- पंचायत, आरईएस, वन, सिंचाई विभाग के महकमे मिलकर करेंगे काम

रायगढ़। रायगढ़ की जीवनदायिनी केलो नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने 'केलो है तो कल है' के संकल्प को सिद्ध करने जिला स्तरीय मुहिम शुरुआत की है। इसमें केलो नदी के उद्गम पहाड़ लुडेग से महानदी में विलय तक पडऩे वाले नदी मार्ग और तटवर्ती 43 गांव अभियान में शामिल है। अभियान में नदी तट की सफाई के साथ ही नरवा संवर्धन के तहत विभिन्न कार्य भी किए जायेंगे। तमनार विकासखंड के ग्राम कसडोल में विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा व डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी की मौजूदगी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार ने कहा की केलो नदी रायगढ़ जिले की जीवन रेखा है इसको सहेजने और सवारने के प्रयास कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस प्रयास में अधिक से अधिक अपना सहयोग दें।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि केलो नदी सैकड़ों वर्षो से इसके किनारे रहने वाले लोगों का जीवन संवार रही है। आज केलो से पूरे जिले को पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति होती है। केलो की यह समृद्ध विरासत इसी स्वरूप में अगली पीढ़ी को सौंपना लक्ष्य है। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा केलो संरक्षण महा अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत नदी के उद्गम से महानदी के विलय तक नदी के मार्ग को प्रशस्त करने का कार्य किया जाएगा। इसमें जिला प्रशासन के साथ-साथ जनभागीदारी भी होगी। इसके लिए प्रशासन के विभिन्न विभाग संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य है कि प्राकृतिक जल को व्यर्थ बहने से रोका जाए तथा रूके हुए जल को भूमिगत किया जाए। इसके लिए जिला पंचायत के नरवा शाखा के साथ ग्रामीण यांत्रिकी, सिंचाई व वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। नदी के तटीय इलाकों में वृहत वृक्षारोपण भी होगा।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने इस मौके पर पूरे अभियान की रूपरेखा व तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण का यह अभियान विभागीय समन्वय व जनसहयोग से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केलो नदी के उद्गम से महानदी में विलय तक के प्रमुख स्थानों को चिन्हांकित कर वहां तट की साफ-सफाई के साथ-साथ नरवा संवर्धन के स्ट्रक्चर भी बनाये जायेंगे। जिससे नदी का प्रवाह व स्वरूप बना रहे।

रायगढ़ शहर में भी चला अभियान, निकली साइकिल रैली- रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में भी केलो नदी संरक्षण के तहत नदी तट साफ -सफाई अभियान चलाया गया तथा सायकल रैली निकाली गई। इसमें महापौर नगर निगम जानकी काटजू, सभापति जयंत ठेठवार, शाखा यादव, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, एनएसएस के स्वयं सेवक, समाज सेवी संस्थाएं, जेसीआई, रोटरी, दिव्य शक्ति, लायनेस क्लब के सदस्यों सहित नगरवासी व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नदी किनारे बसे 43 गांवों के लिए बनेगा माइक्रोप्लान- जिला पंचायत के नरवा शाखा के प्रभारी अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के पहले चरण में नदी के किनारे बसे 43 गांवों में काम किया जाएगा। सभी गांवों के लिए अलग-अलग माइक्रोप्लान तैयार होगा। केलो नदी के संरक्षण के अभियान की शुरूआती चरण में विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम पंचायत पहाड़लुडेग से शुरू होगा। यहां उद्गम स्थल की साफ-सफाई का काम होगा। यहां से रातीखण्ड में गेबियन नींव खुदाई कार्य, घियारमुड़ा में गेबियन निर्माण कार्य, आमापाली में चेकडैम नींव खुदाई कार्य, सोहनपुर में तालाब सफाई, सागरपाली में चेकडैम नींव खुदाई कार्य, भकुर्रा में तटीय सुरक्षा हेतु पिचिंग कार्य, गहिरा में चेकडैम नींव खुदाई कार्य, चिंगारी में नदीतट सफाई कार्य, गंजपुर में तटीय सुरक्षा हेतु पिचिंग कार्य तथा मडिय़ाकछार में नदीतट सफाई कार्य होगा। इसके साथ ही तमनार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पेलमा, लालपुर, मीलूपारा, खम्हरिया, गारे, सारसमाल, कुंजेमुरा, बुडिया, महलोई, तमनार, देवगांव, कसडोल एवं बडग़ांव में नदीतट सफाई कार्य, रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रेगड़ा, लामीदरहा, संबलपुरी, बंगुरसिया, बड़े अतरमुड़ा, भेलवाटिकरा, बरलिया में नदीतट सफाई कार्य तथा नवागांव में स्टॉपडेम सील्ट सफाई कार्य होगा। पुसौर विकासखण्ड के बिंजकोट, एकताल एवं रेंगालपाली में नदीतट सफाई कार्य, गढ़उमरिया में अर्दन चेकडेम निर्माण कार्य, दर्रामुड़ा एवं मिड़मिड़ा में तालाब गहरीकरण कार्य, केशला एवं नेतनागर में डबरी निर्माण, झलमला में अमृत सरोवर निर्माण, भाठनपाली में भूमि समतलीकरण का कार्य होगा। इसके साथ ही इन गांवों में आगे जरूरत के हिसाब से नदी संरक्षण के दूसरे कार्य भी किए जायेंगे।

रिज टू वैली कांसेप्ट से होगा काम- केलो नदी के पुनरूद्धार के लिए वॉटरशेड के रिज टू वैली कांसेप्ट से काम किया जाएगा। इसमें चोटी पर नदी के उद्गम से लेकर नीचे की ओर जाने वाले नदी की लाइनिंग को जोड़ा जाएगा। इसमें पूरे क्षेत्र को ढलान के अनुसार अलग-अलग भागों में बांटा गया है। जिसमें बहाव को नियंत्रित करने तथा जल को स्टोर करने के लिए अलग-अलग उपाय किए जायेंगे।

एरिया और नरवा ट्रीटमेंट होगा, पेड़ भी लगाए जायेंगे- डीपीआर के अनुसार एरिया और नरवा ट्रीटमेंट किया जाएगा। जिससे नदी के तटों का कटाव, गाद जमा होना, बहाव में कमी, घटता भू-जल जैसी समस्याओं को दूर किया जा सके। इसमें नरवा ट्रीटमेंट के लिए ब्रशवुड चेक, लूज बोल्डर चेक, गेबियन स्ट्रक्चर, चेक डैम तथा स्टॉप डैम का निर्माण किया जाएगा। एरिया ट्रीटमेंट के तहत विभिन्न स्ट्रक्चर जैसे कंटूर ट्रेंच, पर्कोलेशन टैंक, स्टेटगार्ड ट्रेंच साथ ही ढलान के मुताबिक विभिन्न प्रजाति के पौधों और वृक्षों का प्लांटेशन किया जाएगा।

केलो नहरों की भी हुई सफाई, वन विभाग ने भी शुरू किया काम- अभियान के तहत सिंचाई विभाग द्वारा केलो नहरों की सफाई का काम करवाया गया है। विभाग द्वारा जामपाली माइनर, रेंगालपाली, बोदाटिकरा गढ़उमरिया, भांटापाली, झलमला व सुर्री में नहरों की सफाई का काम किया गया। इसी प्रकार वन परिक्षेत्र लैलूंगा वन विभाग के अंतर्गत आने वाले प्रोजेक्ट के कार्यो की आज शुरूआत की गई।

महत्वपूर्ण एवं खास

मतदान दल गठन के संबंध में प्रशिक्षण 1 मई को

रायगढ़। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दल एन्ट्री सॉफ्टवेयर पीपीईएस में जिले के समस्त केन्द्रीय शासन के अधीनस्थ विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की डाटा प्रविष्ट कर डाटा बेस तैयार किया जाना है। इस हेतु आवश्यक प्रशिक्षण 1 मई 2023 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय, रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

सरकारी कर्मचारियों के लिए पुराना पेंशन या एनपीएस विकल्प चयन का अंतिम अवसर 8 मई तक

सारंगढ़ बिलाईगढ़। राज्य शासन के शासकीय कर्मचारियों को एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. पेंशन स्कीम का चयन के लिए विकल्प प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान की गई है। शासकीय सेवक 08 मई 2023 तक विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि में संबंधित शासकीय सेवकों द्वारा एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. के चयन के विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो भविष्य में किसी प्रकार का विकल्प चयन करने का अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा। इस स्थिति में संबंधित शासकीय सेवकों को एन.पी.एस. मान्य कर कार्यवाही की जावेगी। सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों को एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. विकल्प भरवा कर कार्मिक संपदा में अपलोड करने की प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस आशय का पत्र वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से जारी किया गया है।

प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9 में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 को

सारंगढ़ बिलाईगढ़। राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना (संशोधित) छत्तीसगढ़ सरकार के आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित है। प्रदेश के अधिसूचित, आदिवासी उप योजना और नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल(पीएमटी) और इंजीनियरिंग (पीईटी, जेई) की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए कोचिंग के माध्यम से तैयारी कराई जाती है। रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, कांकेर, कोरबा,दुर्ग और जशपुर में संचालित बालक बालिकाओं के प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9 में प्रवेश के लिए रविवार 30 अप्रैल 2023 को परीक्षा आयोजित की गई है। यह परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी।

गौमूत्र खरीदी में रायगढ़ पूरे प्रदेश में टॉप पर

4 गौठानों में 14 हजार लीटर गोमूत्र की हुई खरीदी

- कलेक्टर सिन्हा लगातार कर रहे योजना की समीक्षा
- गोमूत्र से बना रहे जैविक कीटनाशी 'ब्रम्हास्त्र' और वृद्धिवर्धक 'जीवामृत'

रायगढ़। जैविक कृषि को बढ़ावा देने गौठानों में होने वाले गौमूत्र खरीदी में रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में टॉप पर है। रायगढ़ में अब तक 14 हजार 154 लीटर गौमूत्र खरीदा जा चुका है। जिससे जैविक कीटनाशी ब्रह्मास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत तैयार किया जा रहा है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पशुपालन विभाग को गौमूत्र की खरीदी बढ़ाने और इससे तैयार उत्पाद जैसे ब्रम्हास्त्र एवं जीवामृत के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हुए हैं। जिसका परिणाम रहा कि गो मूत्र खरीदी में जिला पूरे प्रदेश में अव्वल है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहल पर प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गौठानो में वर्मी कंपोस्ट निर्माण के साथ हरेली त्यौहार के दिन गौमूत्र खरीदी की शुरुआत की गई है। जिसके बाद से ही रायगढ़ जिले के गौठानो में भी महिला समूहों के माध्यम से गौ मूत्र खरीदी की जा रही है। गौ मूत्र से कीटनाशी ब्रह्मास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत जैसे जैविक उत्पाद तैयार किया जा रहा है।

4 गौठानों में हो रही खरीदी- रायगढ़ जिले में फिलहाल 4 गौठानो में गोमूत्र खरीदी की जा रही है। इसमें रायगढ़ ब्लॉक के बनोरा गौठान, पुसौर के सूपा गौठानए लैलूंगा के रूडूकेला गौठानए धरमजयगढ़ के नवापारा (गड़ाईनबहरी) गौठान में गोमूत्र की खरीदी की जा रही है। जिसमें बनोरा में 6095 लीटरए सूपा में 4316 लीटर, रुदेकेला में 1657 लीटर और नवापारा में 2086 लीटर सहित जिले में कुल 14 हजार 154 लीटर गौमूत्र खरीदा गया है। इनसे कुल 3829 लीटर जैविक कीटनाशी ब्रह्मास्त्र और 200 लीटर जैविक वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाया गया है।

जैविक कृषि के लिए मिल रहा विकल्प, अतिरिक्त आय भी- गोमूत्र खरीदी से किसानों को दोहरा लाभ मिल रहा है। एक ओर गो मूत्र विक्रय कर उन्हें अतिरिक्त आय हो रही है। वहीं गोमूत्र से तैयार उत्पादों से किसानों को जैविक कृषि के लिए विकल्प मिल रहा है।

मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सखी वन स्टॉप सेंटर ने उपचार हेतु सेन्द्री बिलासपुर में कराया भर्ती

रायगढ़। मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला विगत दिवस रायगढ़ के कोसमनारा के पास अकेली बैठी थी। इस बात का पता चलने पर सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ ने उसे अस्थायी आश्रय प्रदाय किया। तत्पश्चात महिला से प्रारंभिक बातचीत की गई जिसमें उसने सिर्फ अपना नाम बताया और परिजन का नाम व पता पूछने पर भिन्न-भिन्न जगहों का नाम बताया, जिसके आधार पर बताये गये स्थानों पर फोटो दिखाते हुए पतासाजी करने पर कोई जानकारी प्राप्त नहीं होने से थाना चक्रधर नगर पीडिता को फोटो दी गई, परंतु फिर भी जानकारी प्राप्त नहीं हुई। महिला संरक्षण अधिकारी के निर्देश पर उक्त पीडित महिला को ईलाज हेतु मेडिकल कालेज ले जाया गया। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा पीडित महिला को मानसिक उपचार केन्द्र सेन्द्री बिलासपुर में मानसिक इलाज हेतु भर्ती करने की सलाह देते हुए पीडिता का प्रेस्क्रीपशन रिपोर्ट दिया गया। उक्त प्रेस्क्रीपशन रिपोर्ट को न्यायालय श्रीमान मुख्य न्यायालय मजिस्ट्रेट रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात उक्त महिला को मानसिक उपचार केन्द्र सेन्द्री बिलासपुर में मानसिक उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

एससी, एसटी और ओबीसी के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन का अंतिम अवसर 3 मई तक

सारंगढ़ बिलाईगढ़। राज्य में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलम्ब से हुआ है तथा जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित हुआ है।

ऐसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, के लिए शिक्षा सत्र 2022-23 हेतु ऑनलाईन पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन किया जा रहा है। यह अंतिम अवसर विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा है।

विद्यार्थियों के नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन 27 अप्रैल से 03 मई तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 10 मई तक, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 15 मई तक की तिथि निर्धारित की गई है। वर्ष 2022-23 से छात्रवृत्ति का पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी मंडावी सहित दो अन्य कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

रायगढ़। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बी.एस.मंडावी, भू-अर्जन शाखा के सहायक ग्रेड-3 अमी लाल ठेठवार एवं राजस्व विभाग के भृत्य दीनबंधु डनसेना की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर आज शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगडे एवं अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने उन्हें शाल, श्रीफल से सम्मान किया और उनके सुदीर्घ और स्वस्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डी.आर. रात्रे, डिप्टी कलेक्टर कंवर, एसडीएम गगन शर्मा सहित जिला कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय नौकरी में आने के बाद सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने पदीय दायित्वों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के अंदर सीखने की लालसा होनी चाहिए, हमेशा जब अवसर मिले और जिस स्तर पर हो, सीखने की ललक होनी चाहिए। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य के प्रति तत्पर रहने के कारण वरिष्ठ कोषालय अधिकारी मंडावी की पहचान कर्तव्यनिष्ट अधिकारी के रूप में रही है। वे विभागों के किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों की वेतन एवं पेंशन से जुड़ी समस्या का सकारात्मक ढंग से समाधान करने में सक्षम थे। उन्होंने सेवानिवृत्त कोषालय अधिकारी एवं उनकी उपलब्धियों को सराहा। उनके कार्य अनुभव ज्ञान का लाभ अधीनस्थ अधिकारियों को भी मिलेगा। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि भू-अर्जन शाखा के सहायक ग्रेड-3 अमी लाल ठेठवार एवं राजस्व विभाग के भृत्य दीनबंधु डनसेना ने भी अपने उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देश पर अपने कार्य के दौरान पूरी जिम्मेदारी से कार्यों का निर्वहन किया। इस मौके पर उपस्थित सेवानिवृत्त अधिकारी एवं दोनों कर्मचारियों ने भी अपनी सेवाओं के दौरान के बिताये अपने पलों और यादगार लम्हों कों सभी के साथ साझा किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 29 अप्रैल को

सारंगढ़ बिलाईगढ़। भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के कक्षा 6 में प्रवेश के लिए परीक्षा 29 अप्रैल 2023 को सुबह 11:30 से 1:30 बजे आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए लिंक https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/AdminCard/AdminCard अथवा navodaya.gov.in है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में लगभग 28 जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित है। जवाहर नवोदय विद्यालय का उद्देश्य मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाशाली बच्चों को उनके परिवार की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की परवाह किए बिना अच्छी गुणवत्ता वाली आधुनिक शिक्षा प्रदान करना - जिसमें संस्कृति का एक मजबूत घटक, मूल्यों का समावेश, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, साहसिक गतिविधियाँ और शारीरिक शिक्षा प्रदान करना है।

ट्रेलर वाहन में लोड 31 टन कोयले में 90% शैल पत्थर की मिलावट, ड्रायवर गिरफ्तार

- घरघोड़ा थाने में वाहन मालिक और ड्रायवर पर एफआईआर दर्ज

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने टी.आर.एन. कम्पनी भेंगारी के लिये मंगाये गये क्वालिटी कोयले में 90 % मिलावट कर कोयला कंपनी में लाने के मामले में फरार वाहन चालक को आपराधिक न्यास भंग (धारा 407 आईपीसी) में गिरफ्तार कर कल जेएमएफसी घरघोड़ा के न्यायालय रिमांड पर पेश कर ज्युडिसियल रिमांड लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक 30 जनवरी को थाना घरघोड़ा में टी.आर.एन. कंपनी भेंगारी के लाईजिनिंग/एच.आर. डिपार्टमेंट के अनुराग पटनायक के द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि टी.आर.एन. कंपनी द्वारा सांई कृपा लांजिस्टिक ट्रांसपोर्ट कंपनी को कोयला ट्रांस्पोर्टिंग का वर्क आर्डर दिया गया है। दिनांक 27.01.2023 के शाम ट्रांसपोर्ट कंपनी के अंतर्गत चलने वाले ट्रेलर वाहन क्र. सीजी-13-एल-6660 का चालक वाहन में कोयला लोड कर कोयला गेट में लाया। कंपनी के अधिकारियों को पूर्व से सूचना मिली थी उस ट्रेलर वाहन में मिक्स कोयला आ रहा है। तब कंपनी के अधिकारी कोयला गेट के पास गये, उसी समय ट्रेलर का ड्रायवर गाड़ी खड़ी कर भाग गया। ट्रेलवर वाहन को कंपनी अंदर लाकर डंपिंग एरिया में खाली कराये तो देखे कि कोयला में लगभग 90 प्रतिशत शैल पत्थर मिलावट था। ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी-13-एल-6660 के मालिक एवं चालक द्वारा हेराफेरी कर कोयला में शैल पत्थर मिलाकर कंपनी को कुल 80,310 रूपये का सकल रूप से आर्थिक नुकसान कर धोखाधडी किये जाने की शिकायत ड्रायवर और वाहन मालिक पर धारा 407, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध विवेचना दौरान वाहन स्वमी के जिला मुंगेली तथा ड्रायवर संजय यादव उर्फ रमेश के सतना (म0प्र0) के होने का पता चला जिनकी गिरफ्तारी के सतत प्रयास कर घरघोड़ा पुलिस द्वारा दबाव बनाया जा रहा था कि फरार आरोपी संजय उर्फ रमेश के घरघोड़ा न्यायालय के पास देखे जाने की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपी संजय यादव उर्फ रमेश पिता गंगू यादव उम्र 26 साकिन लटागांव तहसील महैर, थाना मदेरा, जिला सतना (म0प्र0) को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया जो वाहन मालिक को मिलावटी कोयले के अवैध ट्रांसपोर्टिंग में होना बताया गया। आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार कर कल ज्युडिसियल रिमांड पर पेश किया गया है। एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के उचित मार्गदर्शन पर कार्यवाही में नव पदस्थ थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480